V—I 1(ख)-3

(14) (137) (5)

**अति–आवश्यक**

पत्रांक–23 / नियुक्ति–01–85 / 2022, सा0प्र0– 9212 /

**बिहार सरकार**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

**प्रेषक,**

**रजनीश कुमार,**
सरकार के संयुक्त सचिव।

**सेवा में,**

**सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,**
**सभी विभागाध्यक्ष,**
बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक 12.06.24

**विषय –** **वर्ष 2024–25 में विभिन्न विभागों (क्षेत्रीय कार्यालयों सहित) में संविदा एवं बाह्य स्त्रोत से सरकारी क्षेत्र में संभावित नियुक्ति के निमित्त रिक्ति की सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।**

**महाशय,**

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य सरकार के रोजगार सृजन एवं नियोजन के संकल्प को मूर्त्त रूप देने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस संदर्भ में मुख्य सचिव महोदय द्वारा निरंतर समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में वर्ष 2024–25 राज्य के सभी विभागों द्वारा संविदा एवं बाह्य स्त्रोत के माध्यम से सरकारी क्षेत्र में नियुक्ति हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं रिक्ति की सूचना संकलित कर एतद्‌संबंधी प्रतिवेदन प्राप्त किये जाने का निदेश है।

अतः अनुरोध है कि अपने विभाग से संबंधित वर्ष 2024–25 में विभिन्न विभागों (क्षेत्रीय कार्यालयों सहित) में संविदा एवं बाह्य स्त्रोत से सरकारी क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप संभावित नियुक्ति के निमित्त रिक्ति की अलग–अलग सूचना पत्र निर्गत होने के एक पक्ष के अंदर अनिवार्य रूप से सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**कृपया इसे प्राथमिकता दी जाय।**

विश्वासभाजन

12/06/24.

**(रजनीश कुमार)**
सरकार के संयुक्त सचिव।